## एक नजर में

### सोनगरी में होगा 24वां भव्य मेव इज्तिमाई शादी सम्मेलन आज, 60 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

**मंदसौर।** सामाजिक एकता और सादगीपूर्ण निकाह परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेव सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में आज 12 अप्रैल 2026, रविवार को 24वां भव्य मेव इज्तिमाई (सामूहिक) शादी सम्मेलन सोनगरी स्थित दरगाह हजरत गैब शाह वली मुकाम पर आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मेव वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष असगर खां मेव व सम्मेलन कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सरपंच तौफीक खां ने बताया कि समाज में व्याप्त फिजूलखर्ची को रोकने, गरीब व जरूरतमंद परिवारों को संबल प्रदान करने और मुस्लिम बिरादरी के बीच आपसी भाईचारे व एकता की मिसाल पेश करने के उद्देश्य से यह शादी सम्मेलन प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है। आज आयोजित शादी सम्मेलन में 60 जो?ं का पंजीयन हुआ है जिनका निकाह होगा। इस्माईल सेठ, असलम खां सदर, शरीफ भाई मल्हारग?, इमरान भाई मीनाक्षी, सईद खां खे?वाले, राजा खा, उस्मान सेठ, हमीद खां सदर, हाजी शब्बीर खां, हाजी साबिर भाई पानवाले, अजहर हयात मेव, भूरू भाई आइफा, गुड्डू मास्टर, इरफान फीट एण्ड फीट, गफ्फार भाई पहलवान, अमजद भाई बुलगड़ी, इस्माइल मास्टर, अयुब भाई लक ?ीवाले, फिरोज भाई, अशफाक खां पूर्व पार्षद, युनुस भाई बालोत, सरवर खां ने शादी सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को कामयाब बनाने की गुजारिश की है। उक्त जानकारी वेलफेयर सोसायटी के सेकेट्री सईद खां खेड़ेवाले ने दी।

### सात सहेलियों की बावड़ी पर श्रमदान, जल गंगा संवर्धन अभियान में जुटे सामाजिक कार्यकर्ता



**मन्दसौर।** जल संरक्षण की दिशा में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शहर में सामाजिक सरोकार का प्रेरक उदाहरण देखने को मिला। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में प्राचीन सात सहेलियों की बावड़ी (न्यायालय परिसर) पर श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी, ब्लॉक समन्वयक अर्चना भट्ट सहित नवांकुर संस्था व प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बावड़ी परिसर में साफ-सफाई करते हुए कचरा हटाया और जल स्रोतों के संरक्षण के लिए सक्रिय सहभागिता निभाई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण करना तथा आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बताया कि सात सहेलियों की बावड़ी जैसे ऐतिहासिक जल स्रोत हमारी धरोहर हैं, जिनका संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी राजाराम तंवर द्वारा सभी को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। श्रमदान कार्यक्रम में विनय दुबे, पार्षद आशीष गौड़, अजीजुल्लाह खान, संजय निमा, सुरेन्द्र कुमार रामावत, बादल शर्मा, अर्चना रामावत, दशरथ नायक, राजू प्रजापत, बंसीलाल राठौर, दिनेश सोलंकी, रूपदेव सिंह सिसोदिया, अनिल सुमन, सृष्टि शर्मा, संदीप शर्मा, उषा सोलंकी, रेखा बैरागी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महिला शिक्षा के पक्षधर रहे महात्मा फुले : गुर्जर

▶ संयुक्त माली समाज ने प्रथम समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई



**मंदसौर।** संयुक्त माली समाज मंदसौर द्वारा देश के प्रथम समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती गोल चौराहा स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी (किसान मॉल) में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण-दीपदान कर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह मनी, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनिल कियावत, विधायक प्रतिनिधि मनोहर नाहटा, जिला कांग्रेस के अजय लो?ा, भाजपा पिछ?ा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार, मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, भाजपा नेता राजेश गुर्जर, जलकल सभापति नीलेश जैन, पत्रकार सुरेश भाटी व पं. नवीन जोशी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने कहा कि महात्मा फुले महिला शिक्षा और सामाजिक समरसता के प्रबल हिमायती थे, उन्होंने समाज को नई दिशा दी। गुर्जर ने उनके बताए सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, विनय दुबेला, धीरज पाटीदार, विजय सुराणा, राजेश गुर्जर ने भी संबोधित करते हुए महात्मा फुले को एक महान युगपुरुष और समाज सुधारक बताया। इस गरिमामय अवसर पर सामाजिक सरोकार निभाते हुए स्वच्छता कर्मियों का विशेष सम्मान किया गया। इसके साथ ही गायन के क्षेत्र में मंदसौर का नाम रोशन करने वाली और इंडिया टैलेंट सिंगिंग कॉम्पिटिशन में चौथा राउंड जीतकर टॉप-5 में स्थान बनाने वाली नवोदित गायिका अनीता माली का भी माली समाज द्वारा आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया। अनीता माली ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन प्रदीप भाटी ने किया। आभार प्रदर्शन मुकेश गहलोत द्वारा किया गया।

# बड़े बालाजी मंदिर पर भंडारा आज हजारों लोग करेंगे महाप्रसादी ग्रहण



**मंदसौर।** शहर के पुराने बस स्टैण्ड स्थित श्री बड़े बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण करने की संभावना है।

शनिवार को भंडारे की शुरुआत से पूर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भट्टी पूजन सम्पन्न हुआ। यह पूजन पंडित गोविन्द प्रसाद त्रिवेदी द्वारा विधि-विधान से कराया गया, जिसके बाद प्रसाद निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। मंदिर समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर यहां भव्य आयोजन होते हैं, जिनमें महाप्रसादी प्रमुख आकर्षण रहती है। इस वर्ष भी प्रातः 11 बजे 101 कन्याओं के पूजन के पश्चात भंडारा प्रारंभ होगा, जो दोपहर से शाम 4 बजे तक निरंतर जारी रहेगा। आयोजन के दौरान भगवान बड़े बालाजी का विशेष आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा तथा मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। समिति के अनुसार, शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाप्रसादी का लाभ लें एवं धार्मिक आयोजन में सहभागी बनें।



## महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय की बैठक में पालकों को दी गतिविधियों की जानकारी

**मंदसौर।** महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर में 11 अप्रैल शनिवार को पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें सर्वप्रथम प्राचार्य केसी सोलंकी और पार्षद प्रमिला गोयल द्वारा, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत एवं देश के प्रथम शिक्षक ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

उपस्थित पालकों को विद्यालय की गतिविधि, इको क्लब, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, अध्यापन व्यवस्था आदि की जानकारी दी गई एवं विद्यालय के बेहतर प्रबंधन के लिए सुझाव प्राप्त कर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया।

जिसमें निम्नलिखित पालक एवं पालक शिक्षक संघ के निम्न लिखित उपस्थित थे। किशन लाल, योगेश्वरी देवी, प्रिया चितरंजन, सुमन, गीता यादव, वर्षा परमार, लोकेश सोनी, रामनिवास कुमावत एवं विद्यालय परिवार से महेश त्रिवेदी, रेणुका आचार्य, राजेश रत्नावत, दीपश्री राठौर, जया सोनी, सुरेश बोराना, कुंदन सांखला, श्रीमती रचना आर्य, सुश्री आरती शर्मा, जयंत तारे आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**एक नजर** ▶ परिचयात्मक बैठक में देहदान संकल्प लेने वाली आशा निर्मल माली का सम्मान

# मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष ने रोटरी प्रकल्पों को सराहा



**मंदसौर।** मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह के मंदसौर आगमन पर रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा एक परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा नगर में किए जा रहे विभिन्न सेवा प्रकल्पों की सराहना की। इस अवसर पर देहदान प्रकल्प के अंतर्गत देहदान का संकल्प लेने वाली आशा निर्मल माली का बहुमान किया गया। आप द फ्लावरिस्ट नामक की शॉप का संचालन करती है, उल्लेखनीय है कि माली के जीवनसाथी स्व. निर्मल माली भी जैसिस क्लब के माध्यम से निरंतर जनसेवा कार्यों से जुड़े रहे थे।

कार्यक्रम में दलौदा में रोटरी ग्लोबल ग्रांट के माध्यम से स्थापित की जा रही 7 डायलिसिस मशीनों के दानदाता परिवार के सदस्य राजेश संचेती एवं वैभव दुग्ग? का भी सम्मान रोटरी परिवार द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन में रोटरी क्लब मंदसौर के अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने क्लब द्वारा संचालित विभिन्न स्थायी एवं अस्थायी सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। सहायक मंडलाध्यक्ष संजय गोठी ने रोटरी द्वारा ग्लोबल ग्रांट के माध्यम से प्रस्तावित आगामी प्रोजेक्ट्स की रूपरेखा प्रस्तुत की।

अपने उद्बोधन में अवधेश प्रताप सिंह ने रोटरी के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए आश्वासन दिया कि आवश्यकता पड़ने पर वे सदैव सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान रोटरी सदस्यों ने श्री सिंह के साथ उपमुख्यमंत्री जगदीश देव?ा के निवास पर पहुंचकर उनसे रोटरी के आगामी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में आतिथ्य प्रदान करने का निवेदन किया।

बैठक में रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, कनक पंचोली, राधेश्याम झंवर, सुरेंद्र जैन (योग गुरु) सहित भानुप्रताप सिसोदिया, अजय नागोरी, विवेक जैन, रमेश पारिख, मनोज सांखला, आशीष जैन, मनोहरलाल सोनी, अजीत कुमार जैन, विकास सुराणा, हेमंत धनोतिया सहित अनेक सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव कपिल भंडारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष संजय जैन ने व्यक्त किया।

# नीमच

## एक नजर में

### दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रचार-प्रसार के निर्देश

**नीमच।** उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में प्रस्तुत याचिका के अनुक्रम में ब्लॉक स्तर पर होने वाली बैठको / चौपालों में विधिक सहायता अधिकारी / दहेज प्रतिषेध अधिकारी की जानकारी का प्रचार प्रसार किया जाना है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के सभी कार्यालयों के नोटिस बोर्ड एवं ब्लॉक स्तर पर होने वाली बैठको / चौपालों में दहेज प्रतिषेध अधिकारी श्री प्रवीण कुमार, जिला विधिक सहायता अधिकारी के मोंबाईल नंबर 9560024354 का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए है।

### गुरुदेव गौतम मुनि जी मसा का भव्य मंगल प्रवेश आज

**नीमच।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नीमच के अध्यक्ष श्री मनोहरलाल शंभू बंब ने बताया है जैन दिवाकर श्री चौथमल जी म.सा की पावन जन्मभूमि नीमच नगर में श्रमण संघीय, जैन दिवाकरीय , आगमज्ञाता ,उपाध्याय प्रवर परम पूज्य गुरुदेव श्री गौतममुनिजी म.सा एवं श्री वैभवमुनिजी म.सा आदि ठाणा-2 का आज दिनांक 12 अप्रैल रविवार को प्रात : 8 बजे के लगभग मंडी प्रांगण स्टेशन रोड से भव्य मंगल प्रवेश होगा जो शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ वीरपार्क रोड स्थित जैन स्थानक भवन पर धर्म सभा में परिवर्तित होगा. प्रवेश में पधारे हुए महानुभाव के नवकारसी का लाभ नीमच के प्रतिष्ठित बंब परिवार एवं चोपड़ा परिवार ने लिया .इसके अलावा उसी दिन 12 अप्रैल रविवार को सामूहिक दया एकासन का आयोजन भी परम पूज्य गुरुदेव के पावन निश्रा में होगा . जिसका लाभ श्री जैन दिवाकर युवा संघ ने लिया उक्त जानकारी युवा संघ के मंत्री श्री प्रशांत श्रीमाल ने दी .

### समावेशी विकास के लिए मानव अधिकारों का संरक्षण ज़रूरी : मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष सिंह



**नीमच।** मध्य प्रदेश राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने शनिवार को नीमच के सर्किट हाउस पर मानव अधिकार आयोग मित्र, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारियों से भेट एवं चर्चा की। मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह के सर्किट हाउस नीमच पहुंचने पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल एडीएम श्री बीएस कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया एसडीएम श्री संजीव साहू, सीएस पी सुश्री किरण चौहान एवं मानव अधिकार आयोग मित्रों स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेटकर, आयोग के अध्यक्ष श्री सिंह का आत्मीय स्वागत स्वागत किया। इसके पूर्व मनासा में भी आयोग के अध्यक्ष का स्वागत समाजसेवी संगठन के प्रतिनिधियों ने किया। इस अवसर पर आयोग मित्र श्री के के जैन, श्री कमला शंकर विश्वकर्मा, बाल कल्याण समिति के श्री प्रवीण कुमार शर्मा, सुश्री माया लालवानी निशक्त कल्याण संगठन के श्री माणक मोदी, संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था के श्री जगदीश शर्मा सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह का स्वागत किया और उनसे भेंट कर चर्चा की।

# निकाह से 5 दिन पहले दुल्हन सहित परिवार पर एफआईआर

▶ पिता बोले- 20 हजार उधार लिए, 60 हजार चुकाए, फिर भी शादी रोकने की धमकी



**नीमच।** जिले से पुलिस कार्रवाई का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक परिवार ने सूदखोरों से बचने के लिए गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने मदद करने के बजाय उलटा शादी वाले घर के सदस्यों, यहां तक कि होने वाली दुल्हनों पर भी मारपीट का केस दर्ज कर दिया। अब परिवार को डर है कि 12 अप्रैल को होने वाले निकाह की रस्मों के बीच कहीं पुलिस उन्हें गिरफ्तार न कर ले।

**चार साल पहले 20 हजार रुपए लिए, 60 हजार चुकाए:** बघाना थाना क्षेत्र के नाका नंबर चार स्थित गली में रहने वाले फिरोज खान ने बताया- मेरे घर के सामने वाली सड़क के दूसरी ओर गली में सलीम खान रहते हैं। 4 साल पहले मैंने सलीम से 15 प्रतिशत ब्याज पर 20 हजार रुपए उधार लिए। मैं ब्याज समेत उन्हें 60 हजार रुपए लौटा चुका हूं। इसके बावजूद सलीम और रुपए मांग रहे। फिरोज के मुताबिक, 7 अप्रैल की बात है। बेटा मोहम्मद अली और मेरा भानजा घर में लगे इमली के पेड़ पर पत्थर फेंक कर इमली गिरा रहे थे। एक पत्थर सलीम खान के घर के पास जा गिरा। इस पर सलीम खान का परिवार घर आकर गाली-गलौज करने लगा। उस समय घर में महिलाएं मौजूद थीं। जब मैं घर पहुंचा तो एक बार फिर सलीम खान के परिवार के लोग घर आए और गाली-गलौज कर धमकी देने लगे।

> **थाने में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं की**
> फिरोज ने बताया कि उसी दिन दोपहर में थाने गए, लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। शाम को एक बार फिर सलीम, उसका बेटा शाबाज, घर के सदस्य सलाम, जकाज उर्फ मोटा, गुलबाज, गुड्डू और उनकी बेटियां लाठी-डंडे और पत्थर लेकर घर पहुंचे। उन्होंने मारपीट की। फिर सलीम ने रुपयों की मांग की। धमकी दी कि रुपए नहीं दिए तो शादी नहीं होने देंगे। मारपीट में मेरे बेटे और भानजी को चोट भी आई है। फिरोज का कहना है कि पुलिस ने रात 9 से 11 बजे तक हमें थाने में बिठाए रखा। इसके बाद नॉन-कॉग्निजेबल रिपोर्ट (एनसीआर) दर्ज कर खानापूर्ति कर ली।

**एसपी से गुहार- परिवार को सुरक्षा मुहैया कराएं:** कार्रवाई नहीं होने पर गुरुवार, यानी 9 अप्रैल को एसपी ऑफिस पहुंचे। वहां एसपी अंकित जायसवाल से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई। हमने उन्हें बताया कि 12 अप्रैल को बेटियों का निकाह है। सलीम की ओर से शादी नहीं होने देने की धमकी दी जा रही है, इसलिए सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

**डर है कि वे लोग शादी में खलल डाल सकते हैं:** गुरुवार को मिलाद शरीफ का कार्यक्रम तो हो गया। शनिवार को रतजगा और 12 अप्रैल को नीमच में होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में निकाह होना है। घर में मेहमानों का आना-जाना है। डर है कि सलीम खान और उनके परिवार के लोग शादी में खलल डाल सकते हैं।

**टीआई बोले- सलीम की बेटी को चोट थी, इसलिए उसकी ओर से एफआईआर लिखी:** बघाना थाना प्रभारी राधेश्याम डांगी का कहना है- मैं 3-4 दिन की छुट्टी पर था, उसी दौरान का मामला है। फिरोज खान की भानजी ने शिकायत की थी, उसे किसी प्रकार की चोट नहीं थी। वीडियो में भी केवल विवाद दिख रहा था, इसलिए एनसीआर काटी गई। दूसरे पक्ष से सलीम की बेटी रुहाबजान खान को चोट लगी थी। इसलिए फिरोज खान सहित उनके परिवार के 4 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है।



## नरवाई में आग, ग्रामीणों ने 2 घंटे में पाया काबू दमकल ने केनपुरिया गांव तक नहीं पहुंचने दी

**नीमच।** जिले के पिपलिया व्यास गांव में शनिवार दोपहर नरवाई में भीषण आग लग गई। तेज हवा की वजह से आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और पड़ोसी गांव केनपुरिया की तरफ बढ़ने लगी, जिससे आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। आग पिपलिया व्यास से शुरू होकर करीब डेढ़ किलोमीटर दूर केनपुरिया गांव की ओर तेजी से झपट रही थी। आसमान में धुएं का काला गुबार देखकर लोग दहशत में आ गए। अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो वह केनपुरिया गांव की बस्ती तक पहुंच सकती थी।

**ग्रामीणों ने दिखाई बहादुरी:** आग की खबर मिलते ही पिपलिया व्यास के करीब 40 ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। बिना डरे इन लोगों ने करीब दो घंटे तक आग बुझाने की कोशिश की। ग्रामीणों ने अपनी सूझबूझ और मेहनत से आग को आगे बढ़ने से रोक दिया और एक बड़ा खतरा टाल दिया।

**दमकल ने बुझाई सुलगती आग:** घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। हालांकि, दमकल के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने काफी हद तक आग पर काबू पा लिया था। इसके बाद दमकल कर्मियों ने खेतों में बची-कुची सुलगती आग को पूरी तरह बुझाकर स्थिति को संभाला। ग्रामीणों की इस फुर्ती की वजह से केनपुरिया गांव और आसपास के खेत सुरक्षित बच गए।

**एक नजर** ▶ पंख अभियान बांछड़ा समुदाय के कल्याण की सराहनीय पहल...

# बांछड़ा समुदाय के युवाओं को स्वरोजगार और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें : सिंह



**नीमच।** मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री अवधेश प्रताप सिंह ने शनिवार को सर्किट हाउस नीमच पर कलेक्टर और एसपी सहित अन्य अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने कहा कि बांछड़ा समुदाय के युवाओं को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सके। साथ ही इस समुदाय के बच्चों को शिक्षा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए जिससे कि वे पढ़ लिख कर,समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके। उन्होंने जिले में मानवाधिकारों से संबंधित शिकायतों के निराकरण के संबंध में भी चर्चा की। आयोग का उद्देश्य लोगों के मानवाधिकारों का संरक्षण करना है।

**▶ बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी...**

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने अधिकारियों से चर्चा में कहा कि समाज में और समुदाय विशेष में यदि बाल विवाह होते हैं तो उनकी रोकथाम के लिए समाज एवं समुदाय विशेष के लोगों में व्यापक जन जागरूकता के प्रयास किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने नीमच जिले में बांछड़ा समुदाय के कल्याण एवं उत्थान के लिए चलाए जा रहे पंख अभियान की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जिले में नगरीय निकायों और जलनिगम , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छ और साफ पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी। मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री सिंह ने जिला प्रशासन नीमच द्वारा संचालित किया जा रहे पंख अभियान नीमच को सराहनीय पहल बताया। कलेक्टर ने आयोग के अध्यक्ष को अवगत कराया कि नीमच जिले में नागरिकों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए गांधी सागर से हर घर नल से जल योजना का कार्य तेजी से चल रहा है।